इंडियन अर्बन हाउसिंग कॉन्क्लेव में छत्तीसगढ़ को किया गया पुरस्कृत

चर्चा में क्यों?

20 अक्टूबर, 2022 को गुजरात के राजकोट में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आयोजित इंडियन अर्बन हाउसिंग कॉन्क्लेव में 'प्रधानमंत्री आवास योजना अवार्ड 2021' के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य को दो पुरस्कार प्राप्त हुये हैं।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने की दिशा में हो रहे कार्यों तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि व कृषक कल्याण, अधोसंरचना समेत हर क्षेत्र में निरंतर विकास की गति आगे बढ़ाने के परिणामस्वरूप राज्य ने एक बार फिर देश में अपना परचम लहराते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना अवार्ड 2021 के अंतर्गत दो पुरस्कार प्राप्त किये हैं।
- छत्तीसगढ़ को यह अवार्ड बेस्ट कम्यूनिटी ओरिएंटेड प्रोजेक्ट्स और बेस्ट परफॉर्मिंग नगर पंचायत श्रेणी में मिला है।
- गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ में 'मोर जमीन-मोर मकान' योजना शुरू की गई, जिसे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से जोड़ते हुए नगर पालिका निगम राजनांदगाँव के आशा नगर में निवासरत कुष्ठ रोग से ग्रसित परिवारों को अन्य 19 केंद्र व राज्य प्रवर्तित योजनाओं के साथ अभिसरण करते हुए 61 परिवारों को सर्वसुविधायुक्त पक्का आवास दिया गया। इससे उनकी जीवनशैली में सुधार आया।
- इसी तरह नगर पंचायत गंडई एवं अंतागढ़ में भी विशेष वर्ग के हितग्राहियों को भी सर्वसुविधायुक्त पक्का आवास उपलब्ध कराया गया और उनकी जीवनशैली में सुधार लाने का प्रयास किया गया।
- छत्तीसगढ़ में सामाजिक उत्थान को लेकर हुए इन प्रयासों को सराहते हुए सामाजिक उत्थान परियोजनाओं के लिये छत्तीसगढ़ राज्य को 'बेस्ट कम्यूनिटी ओरिएंटेड प्रोजेक्ट्स' की श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन का पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- इसके अलावा नगर पंचायत पाटन में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 'मोर जमीन-मोर मकान' योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के विरुद्ध अधिक संख्या में आवास पूर्ण कर हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने एवं आकर्षक आवास बनाने जैसे उत्कृष्ट कार्य के लिये 'बेस्ट परफॉर्मिंग नगर पंचायत' श्रेणी में पूरे भारत में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।
- उल्लेखनीय है कि विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं राज्य में जनकल्याणकारी नीतियों के लिये भारत सरकार की ओर से छत्तीसगढ़ को पिछले पौने चार साल में अनेक पुरस्कार प्रदान किये जा चुके हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-awarded-at-indian-urban-housing-conclave